प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 11.11.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शुरु, ढाई लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे 13 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला।
- दिल्ली में हुए विस्फोट के बाद रांची सहित पूरे राज्य में विशेष सतर्कता, सभी जिलों में शुरु हुआ सघन चेकिंग अभियान।
- रन फॉर झारखंड से शुरु हुआ राज्य का रजत जयंती महोत्सव, अगले छह दिनों तक सांस्कृतिक उत्सवों का होगा आयोजन।
- रांची समेत राज्यभर में बढ़ी ठंड, मौसम विभाग ने आज और कल पलामू, गढ़वा और चतरा समेत सात जिलों में शीतलहर चलने का जताया पूर्वानुमान।
- अंतर्राष्ट्रीय आमंत्रण एयरोबिक्स जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण समेत जीते तीन पदक।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए आज सबेरे सात बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरु हो गया है। मतदान की प्रक्रिया शाम पांच बजे तक चलेगी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गयी है। हम आपको सीधे लिए चलते हैं घाटशिला, जहां हमारे संवाददाता मौजूद हैं। कुणाल, कैसी चल रही है मतदान की प्रक्रिया–

****

इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में लोगों से बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की है।

****

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कल शाम हुए बम धमाके के बाद पूरे झारखंड में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित करते हुए सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। शहरों के प्रमुख चौक–चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में विशेष पुलिस टीम तैनात की गई हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ और उनके पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की जा रही है।

****

राज्य का रजत जयंती महोत्सव आज से शुरु हो गया है। इस सिलसिले में रांची समेत पूरे राज्य में आज रन फॉर झारखंड का आयोजन किया गया। रांची में रन फॉर झारखंड का आयोजन मोरहाबादी मैदान से सैनिक मार्केट तक हुआ। इसमें बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी और नागरिक शामिल हुए। रजत जयंती महोत्सव को लेकर 16 नवंबर तक विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी। 15 नवंबर को महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा।

****

राज्य की नयी पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा के आदेश पर झारखंड पुलिस मुख्यालय में शिकायत कोषांग समिति का पुनर्गठन किया गया है। जानकारी के मुताबिक शिकायत कोषांग में लंबे समय से 600 से अधिक शिकायतें लंबित हैं। डीजीपी के द्वारा इन सभी शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निष्पादन करने का लक्ष्य रखा गया है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, 22 सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज की कड़ी में जानकारी अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को मिलने वाले बढ़ावे पर।

****

हजारीबाग पुलिस ने चोरी की दो बड़ी वारदातों का खुलासा किया है। इस सिलसिले में छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार ने बताया कि दोनों घटनाओं में करीब 80 लाख रुपये मूल्य के जेवरात की चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने आभूषण भी बरामद कर लिए थे।

****

जामताड़ा जिले के ग्रामीण महिलाओं को चरणबद्ध प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की जा रही है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड बढ़ गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज और कल पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, लातेहार, लोहरदगा और सिमडेगा में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान जताया है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट की संभावना है।

****

कजाखस्तान के अल्माटी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आमंत्रण एयरोबिक्स जिमनास्टिक चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इन खिलाड़ियों ने भारत के लिए तीन पदक जीते जीते। इनमें एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं।

****

अखबारों की सुर्खियां–

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने दिल्ली में धमाके की खबर को प्रमुखता दी है।
- दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नियुक्ति पत्र दिया, नियुक्ति नहीं।
- हिन्दुस्तान लिखता है– झारखंड में नवंबर में ही पारा 10.1 डिग्री पहुंचा।
- प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड कैबिनेट की बैठक में कल आ सकता है पेसा नियमावली का प्रस्ताव।
- दैनिक जागरण ने लिखा है– अब बैक्टीरिया को हैक करके होगा कैंसर का इलाज।

****